हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बेमेतरा के कंटेली स्टेडियम में इसी माह होगा 150 जोड़ों ...

11 बीएसपी में यूनियन मान्यता चुनाव के लिए ...


## खबर संक्षेप

### नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

**बेमेतरा।** पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना (संशोधित 2021) के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित किये जाने के संबंध में 24 जनवरी निर्देश जारी किया गया था, जिसमें परीक्षा का आयोजन 23 मार्च निर्धारित था। अब निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए परीक्षा की तिथि को बदलकर 30 मार्च कर दिया गया है। परीक्षा का समय दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा, और यह परीक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए दो शिक्षक पर्यवेक्षक और दो शिक्षक मूल्यांकनकर्ता का नाम और मोबाइल नंबर के साथ जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### नपा अध्यक्ष सिन्हा ने गठित की पीआईसी

**बेमेतरा।** नगर पालिका परिषद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने प्रेसिडेंट इन काउंसलिंग पीआईसी का गठन कर दिया। जिसमें पार्षद विकास तंबोली को खाद्य नागरिक आपूर्ति पुनर्वास तथा नियोजन विभाग की जिम्मेदारी दी गई। वहीं, अशोक शर्मा शिक्षा व महिला बाल विकास विभाग देखेंगे। पंचू साहू आवास लोक निर्माण विभाग,गौरव साहू जलकार्य विभाग एवं नीतू कोठारी स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग जहां संभालेंगी वही आकिब मलकानी को राजस्व तथा बाजार विभाग दिया ▶▶| शेष पेज 11 पर

**मांग : सचिवों के शासकीयकरण की मांग पूरी नहीं होने का लगाया आरोप**

# कामकाज छोड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पंचायत सचिव, जनपद मुख्यालयों में दे रहे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर चारों ब्लॉक मुख्यालय में जनपद स्तर पर पंचायत सचिव 18 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल चले गए। पंचायत सचिवों ने मांग पूर्ण नहीं होने तक अपने अपने ग्राम पंचायतों में किसी प्रकार के विभागीय कामकाज न करने का निर्णय लिया गया है। इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंचगणों को होने की संभावना है, क्योंकि नवनिर्वाचित होने के बाद गाँव में विकास कार्य न होने से ग्रामीणों में स्थानीय पंचायत प्रशासन के प्रति स्पष्ट नाराजगी व असन्तोष व्याप्त होगा। दरअसल प्रदेश सचिव संघ छत्तीसगढ़ द्वारा पूरे प्रदेशभर के सचिवों की शासकीयकरण की मांग दशकों से जारी है। सचिव संघ का कहना है कि उनके शासकीयकरण की मांग को पूर्ण करने की गारंटी गत विधानसभा 2023-24 में मोदी की गारन्टी के रूप में दी गई थी। वहीं प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री के समक्ष कई बार सचिव संघ द्वारा मांग को पूर्ण कराने का आग्रह किया गया। जिस पर प्रदेश सरकार द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया है, लेकिन पूर्ण कराने की दिशा में फिलहाल कोई खास पहल या प्रयास नहीं किया गया है। इससे असन्तुष्ट होकर सचिव संघ छत्तीसगढ़ द्वारा विगत 17 मार्च दिन सोमवार को ▶▶| शेष पेज 11 पर

> ■ आगामी 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव की दी चेतावनी



### जनपद पंचायत बेरला के पंचायत सचिवों ने शुरू की हड़ताल



**बेरला।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर जनपद पंचायत बेरला के सभी पंचायत सचिव विधानसभा घेराव एवं धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रांतीय छत्तीसगढ़ी सचिव संघ के निर्णय से जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत आने वाले सभी पंचायत सचिव 18 मार्च से हड़ताल स्थल गौठान चौक बेरला में अनिश्चित कालीन हड़ताल में सम्मिलित हुए। जनपद पंचायत बेरला के सचिवों ने बताया कि इस दौरान धरना स्थल में जिले के सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। वहीं, जनपद पंचायत बेरला के समीपस्थ गौठान में हड़ताल की जा रही है। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला सचिव संघ के अध्यक्ष केहर सिंह साहू, जगदीश यादव, पवन विश्वकर्मा, लेखन साहू, अनिल राजपूत, प्रमोद राजपूत, धनी राम जांगडे, गजानंद वर्मा, अनिता मार्कण्डेय, सुरेखा धृतलहरे सहित सभी सचिव उपस्थित रहे।

### जिला की चारों जनपदों की कुल 426 पंचायतों में प्रभावित हो सकता है कामकाज

बताया जा रहा है, कि यह हड़ताल जलि सहित पूरे प्रदेशभर में निरन्तर अनिश्चितकालीन तक जारी रहेगी। इससे बेमेतरा जिला के चारों जनपद के कुल 426 पंचायत में शासकीय कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। इस सम्बंध में जिला सचिव संघ के अध्यक्ष चन्द्रमौली त्रिपाठी और पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज सिंह राजपूत ने कहा कि पंचायतों में पदस्थ व कार्यरत सभी सचिवों के शासकीयकरण की मांग लम्बे अरसे से की जा रही है। विगत विधानसभा चुनाव में मोदी की गारन्टी के रूप में पूर्ण करने की घोषणा की गयी थी, किन्तु सवा साल गुजर जाने के बावजूद मांग पूरी नहीं हो पाई है। इसके कारण प्रदेश स्तर पर सचिव संघ द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सचिव संघ के आगामी आदेश तक हड़ताल जारी रहेगी। इसी सिलसिले में बेमेतरा, नवागढ़, बेमेतरा, साजा और बेरला जनपद मुख्यालय में समस्त सचिवों द्वारा मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा कर प्रदर्शन किया जा रहा है।

### काम बंद, कलम बंद कर हड़ताल पर बैठे नवागढ़ जनपद के पंचायत सचिव



**नवागढ़।** पंचायत सचिव संघ की एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण नहीं होने से नाराज नवागढ़ तहसील सचिव संघ की ग्राम पंचायतों के सचिव मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय में काम बंद कलम बंद हड़ताल पर चले गए। इस हड़ताल में बड़ी संख्या में पंचायत सचिवों ने भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजनारायण कुर्रे ने बताया कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने घोषणा पत्र में शामिल कर कहा था कि अगर हमारी सरकार बनेगी तो 100 दिन के अंदर प्रदेश के पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया था, किंतु सत्ता में आने के बाद सरकार हमारी मांग को अनदेखा कर रही है। बजट में सचिवों को शासकीयकरण नहीं करने से सचिव संघ नाराज है। ब्लॉक अध्यक्ष कुर्रे ने कहा कि पंचायत सचिव संघ लंबे समय से अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर संघर्षरत है, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इस दौरान चन्द्रमौल त्रिपाठी, नाथूराम साहू, बसंत यादव, कुमार घृतलहरे, दिलबहार जोशी, गणेश कुर्रे, खुमान सिंह साहू, पूजेंद्र मात्रे, कैलाश मनहरे, भगवती साहू, रामसेवक वर्मा, खोमन साहू, युवराज गेन्ड्रे सहित सचिवगण उपस्थित रहे।






